रांची

हिन्दी दैनिक


# वनांचल आई

www.vananchaleye@gmail.com

हर खबर पर पहली नजर

₹5

PRGI. NO,JHAHIN/2023/88773 | वर्ष:01 | अंक:57 | शनिवार,01 नवम्बर



## ब्रीफ न्यूज

### राज्यपाल नेसरदार वल्लभभाई पटेल जी की जयंती के अवसर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी



संवादाता

रांची:माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार ने आज महान स्वतंत्रता सेनानी व आधुनिक भारत के शिल्पकार तथा भारत के प्रथम उप प्रधानमंत्री लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी की जयंती के अवसर पर राज भवन में उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। राज्यपाल महोदय ने कहा कि सरदार पटेल जी ने राष्ट्रीय एकता, अखंडता और रियासतों के एकीकरण के माध्यम से आधुनिक भारत की सुदृढ़ नींव रखी। उनका जीवन, त्याग और नेतृत्व देशवासियों के लिए सदैव प्रेरणास्त्रोत रहेगा। माननीय राज्यपाल ने इस अवसर पर समस्त राज्यवासियों को ह्यराष्ट्रीय एकता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ दीं।

### राज्यपाल से वरिष्ठ पत्रकार श्री अमरेन्द्र कुमार ने राज भवन में शिष्टाचार भेंट



संवादाता

रांची:माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार से आज वरिष्ठ पत्रकार श्री अमरेन्द्र कुमार ने राज भवन में शिष्टाचार भेंट की तथा उन्हें अपनी स्वरचित पुस्तक ह्यनीले आकाश का सचह्ण भेंट की।राज्यपाल महोदय ने श्री अमरेन्द्र कुमार को पुस्तक की रचना हेतु हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं और पुस्तक के लोकोपयोगी की कामना की।

### घाटशिला उपचुनाव में झामुमो को सीपीआई एमएल का समर्थन

संवादाता

रांची:झारखंड के घाटशिला विधानसभा उपचुनाव में झामुमो उम्मीदवार सोमेश सोरेन को वामदलों का समर्थन लगातार मिल रहा है। सीपीएम के बाद अब सीपीआई (माले) ने भी शुक्रवार को झामुमो प्रत्याशी के पक्ष में समर्थन का औपचारिक एलान किया। पार्टी के महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य ने एक वीडियो संदेश जारी कर घाटशिला की जनता से झामुमो उम्मीदवार को भारी मतों से जीत दिलाने की अपील की। सीपीआई (माले) महासचिव ने कहा कि घाटशिला उपचुनाव केवल एक सीट का चुनाव नहीं है, बल्कि यह भाजपा की विभाजनकारी राजनीति के खिलाफ जनादेश कासंदेश होगा।

## मुख्यमंत्री ने ममता देवी के ससुर स्मृति शेष-स्व० सरयु महतो जी को दी भावपूर्ण श्रद्धांजलि



मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन आज रामगढ़ विधायक श्रीमती ममता देवी के दुलमी प्रखंड, होहद गांव स्थित आवास पहुंचे। वहां उन्होंने विधायक श्रीमती ममता देवी के ससुर स्मृति शेष-स्व० सरयु महतो जी की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति एवं शोकाकुल परिजनों को इस कठिन घड़ी में संबल प्रदान करने की कामना की। मुख्यमंत्री ने विधायक श्रीमती ममता देवी एवं उनके परिजनों से मुलाकात कर अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त की तथा उनका ढांढ़स बंधाया।

## झारखंड स्थापना दिवस पर होगी नौकरियों की बौछार

# 10 हजार युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपेगी हेमंत सरकार

संवादाता

रांची : बिहार से अलग होकर 15 नवंबर 2000 को देश के 28वें राज्य के रूप में अस्तित्व में आया झारखंड इस वर्ष अपनी स्थापना के 25 वर्ष पूरे करने जा रहा है। राज्य सरकार इस ऐतिहासिक अवसर को भव्य रूप से मनाने की तैयारी में जुटी है। स्थापना सप्ताह के तहत 15 और 16 नवंबर को राजधानी रांची के ऐतिहासिक मोरहाबादी मैदान में मुख्य राजकीय समारोह आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर जिला से लेकर राज्य स्तर तक कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। राज्य स्थापना दिवस और हेमंत सोरेन सरकार के वर्तमान कार्यकाल के एक वर्ष पूरे होने के मौके पर बड़े पैमाने पर नियुक्ति पत्र वितरण समारोह आयोजित किए जाएंगे। श्रम एवं नियोजन विभाग के अनुसार, नवंबर माह राज्य के युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर लेकर आएगा। जिला स्तर पर रोजगार मेलों के जरिए युवाओं को निजी क्षेत्र में नौकरी के अवसर मिलेंगे, वहीं जेपीएससी और जेएसएससी के माध्यम से चयनित करीब 10 हजार अभ्यर्थियों को सरकारी नौकरी के नियुक्ति पत्र सौंपे जाएंगे। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन खुद जेपीएससी द्वारा चयनित 342 सिविल सेवा अभ्यर्थियों और सहायक आचार्यों को नियुक्ति पत्र वितरित करेंगे। श्रम विभाग द्वारा स्थापना दिवस को लेकर रोजगार मेला की तैयारी की जा रही है। विभाग के अनुसार, वर्ष 2025 में राज्यभर में 170 रोजगार मेला और भर्ती कैंप आयोजित किए गए हैं, जिनमें करीब 7,000 युवाओं को रोजगारप्राप्त हो चुका है।



### उच्चाधिकारियों ने किया स्थल निरीक्षण

गृह विभाग की प्रधान सचिव वंदना दादेल ने कहा कि राज्य सरकार ने इस वर्ष 15 नवंबर को राज्य स्थापना दिवस को वृहत पैमाने पर मनाने का निर्णय लिया है। 11 नवंबर से ही सभी जिलों, प्रखंडों, पंचायतों, स्कूलों, कॉलेजों में विभिन्न तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि 15 नवंबर को स्थापना दिवस के अवसर पर विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का शिलान्यास, उद्घाटन होगा।

## प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रीय एकता दिवस पर आयोजित कार्यक्रम को किया संबोधित

# घुसपैठियों से देश की आंतरिक सुरक्षा को गंभीर खतरा : पीएम

एजेंसी

नई दिल्ली: शुक्रवार को देश के पहले गृह मंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती (राष्ट्रीय एकता दिवस) पर गुजरात स्थित स्टैच्यू ऑफ यूनिटी पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम गणतंत्र दिवस की तर्ज पर आयोजित हुआ, जिसमें सैन्य परेड, सांस्कृतिक परेड, राज्यों की झांकियां निकाली गईं। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी भी मौजूद रहे। इस अवसर पर उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि सरदार साहब ने देश की संप्रभुता को सबसे ऊपर रखा, लेकिन दुर्भाग्य से उनके निधन के बाद के वर्षों में देश की संप्रभुता को लेकर तब की सरकारों में उतनी गंभीरता नहीं रही। आज हमारे देश की एकता और आंतरिक सुरक्षा को घुसपैठियों से गंभीर खतरा है। दशकों से विदेशी घुसपैठिए हमारे देश में घुस रहे हैं। इसके संसाधनों का इस्तेमाल कर रहे हैं और जनसांख्यिकी का संतुलन बिगाड़ रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछली सरकारों ने इस गंभीर मुद्दे को नजरअंदाज किया और इस समस्या से आंखें मूंद लीं। वोट बैंक की राजनीति के चक्कर में, उन्होंने जान- बूझकर राष्ट्रीय सुरक्षा सेसमझौता किया। अब पहली बार देश ने इस चुनौती का सीधे सामना करने और अपनी अखंडता की रक्षा करने के लिए।



### सरदार पटेल की 150वीं जयंती

### गणतंत्र दिवस की तर्ज पर स्टैच्यू ऑफ यूनिटी पर भव्य कार्यक्रम का हुआ आयोजन

#### एक भारत-श्रेष्ठ भारत का विचार सर्वोपरि

मोदी ने कहा कि सरदार पटेल मानते थे कि इतिहास लिखने में समय नहीं गंवाना चाहिए, हमें तो इतिहास बनाने के लिए मेहनत करनी चाहिए। उनकी ये भावना हमें उनकी जीवनगाथा में दिखाई देती है। सरदार साहब ने जो नीतियां बनाई, जो निर्णय लिए, उन्होंने नया इतिहास रचा। आजादी के बाद 550 से ज्यादा रियासतों को साथ जोड़ने के असंभव कार्य को उन्होंने संभव करके दिखा दिया। एक भारत-श्रेष्ठ भारत का विचार उनके लिए सर्वोपरि था। सरदार साहब चाहते थे कि जैसे उन्होंने बाकी रियासतों का विलय किया, वैसे ही ओर कश्मीर का विलय हो, लेकिन,पंडित नेहरू ने उनकी वो इच्छा पूरी नहीं होने दी।

## इंदिरा गांधी ने देश की सेवा में किया अपने जीवन का बलिदान : खड़गे



एजेंसी

नई दिल्ली:शुक्रवार को कांग्रेस ने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की 41वीं पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इसके साथ ही कांग्रेस नेताओं ने देश के पहले गृहमंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी और राहुल गांधी समेत कई वरिष्ठ नेताओं ने नई दिल्ली में 'शक्ति स्थल' पर इंदिरा गांधी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की और 1, सफदरजंग रोड पर उनके स्मारक का भी दौरा किया। खड़गे ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, भारत की एकता व अखंडता को संजोए रखने के लिए जिन्होंने अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति, कुशल नेतृत्व व दूरदर्शिता से महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और एक सशक्त प्रगतिशील भारत का निर्माण किया, साहस की ऐसी प्रतिमूर्ति, भारत की प्रथम महिला प्रधानमंत्री व हमारी आदर्श इंदिरा गांधी जी के बलिदान दिवस पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि। कांग्रेस अध्यक्ष ने एक अन्य पोस्ट में कहा, भारत की 'आयरन लेडी' इंदिरा गांधी का जीवन लाखों भारतीयों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है। उनका साहस, दृढ़ता और दूरदर्शी नेतृत्व हमेशा हमारे दिलों और दिमाग में जिंदा रहेगा।

## एनडीए ने बिहार विधानसभा चुनाव के लिए जारी किया संकल्प पत्र, वादों की झड़ी लगाइ

# एक करोड़ नौकरी और केजी से पीजी तक मुफ्त पढ़ाई




एजेंसी

पटना : बिहार विधानसभा चुनावों के लिए एनडीए गठबंधन ने शुक्रवार को अपना चुनावी घोषणापत्र जारी कर दिया है। एनडीए ने इसे ह्यसंकल्प पत्रह्ण का नाम दिया है। घोषणा पत्र में वादा किया गया है कि अगर दोबारा एनडीए सरकार बनती है तो 1 करोड़ लोगों को नौकरी और रोजगार दिया जाएगा। वादा यह भी है कि 1 करोड़ से ज्यादा लखपति दीदियों को तैयार किया जाएगा। एनडीए गठबंधन ने अपने संकल्प पत्र में कहा है कि 50 लाख पक्के मकान लोगों को दिए जाएंगे। बिहार में 7 एक्सप्रेस वे बनाया जाएगा। लोगों को कौशल जनगणना के बाद नौकरी दी जाएगी। एनडीए के संकल्प पत्र कार्यक्रम में बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, चिराग पासवान, जीतन राम मांझी और उपेंद्र कुशवाहा भी मौजूद रहे। किसानों को कर्पूरी ठाकुर सम्मान निधि के तौर पर 3 हजार रुपये की आर्थिक मदद दी जाएगी। बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा, 'अति पिछड़ा वर्ग को आर्थिक और सामाजिक बल देना बेहद जरूरी है। अति पिछड़ा वर्ग की विभिन्न श्रेणियों को 10 लाख रुपये की आर्थिक मदद दी जाएगी। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि सुप्रीम कोर्ट के एक सेवानिवृत्त न्यायाधीश की अध्यक्षता में हम एक उच्च स्तरीय समिति का गठन करेंगे, जो अति पिछड़ा वर्ग के अंतर्गत आने वाले विभिन्न समुदायों की सामाजिक और आर्थिक स्थिति का आकलन करेगी और इन समुदायों के उत्थान के लिए सरकार को सुझाव देगी।

# बिहार के चुनावी मैदान में खून के छींटे

## मोकामा हत्याकांड के बाद फायरिंग, पथराव और तनाव

एजेंसी

पटना : छह नवंबर को मतदान से पहले बिहार का मोकामा विधानसभा क्षेत्र हिंसा की चपेट में है। गैंगस्टर से नेता बने दुलारचंद यादव की हत्या के बाद से इलाके का माहौल तनाव भरा है। मोकामा हत्याकांड को लेकर चुनाव आयोग ने बिहार के डीजीपी विनय कुमार से रिपोर्ट मांगी है। शुक्रवार को मोकामा में ही आरजेडी प्रत्याशी वीणा सिंह के काफिले पर पथराव का मामला सामने आया है। वीणा सिंह बाहुबली सूरजभान सिंह की पत्नी हैं। सूरजभान सिंह के समर्थकों ने अनंत सिंह समर्थकों पर पथराव का आरोप लगाया है। दुलारचंद यादव की अंतिम यात्रा में भी पथराव और फायरिंग का मामला सामने आया है।सोशल मीडिया पर पथराव के कई वीडियो वायरल हैं। दुलारचंद के परिवार वालों ने अनंत सिंह पर आरोप लगाया। लगातार हो रही घटनाओं के बाद से मोकामा का माहौल बेहद तनाव पूर्ण है। भारी पुलिस बल की तैनाती की गई है। मगर अपराधियों के हौंसले इतने बुलंद हैं कि हिंसा की खबरें लगातार आ रही हैं। मोकामा के टाल इलाके में गुरुवार को जन सुराज प्रत्याशी प्रियदर्शी पीयूष का प्रचार चल रहा था। इसमें 75 वर्षीय दुलारचंद यादव भी मौजूद थे। दो गुटों के बीच टकराव हो गया। मामला इतना बढ़ गया कि दुलारचंद यादव

### आरा में उपेंद्र कुशवाहा के समर्थक पिता-पुत्र की हत्या

संघशासित प्रदेशों, केंद्रीय सशस्त्र अर्धसैनिक बलों और केंद्रीय पुलिस संगठनों के कुल 1466 वीरों को सम्मानित किया जाएगा। यह पदक विशेष अभियान, अन्वेषण, आसूचना और फॉरेंसिक विज्ञान जैसे चार प्रमुख क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य को मान्यता देने, उच्च पेशेवर मानकों को प्रोत्साहित करने और कर्मियों और अधिकारियों का मनोबल बढ़ाने के उद्देश्य से प्रदान किया जाता है। इस पदक की घोषणा प्रत्येक साल 31 अक्टूबर को पटेल जयंती।

## न्यूज स्टडी — चार प्रमुख क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य के लिए मिलता है सम्मान

# झारखंड के 5 आईपीएस सहित 14 को मिलेगा केंद्रीय गृह मंत्री दक्षता पदक



संवादाता

झारखंड में बोकारो जिले के गोमिया प्रखंड अंतर्गत लुगु पहाड़ पर 21 अप्रैल को एक करोड़ के इनामी विवेक सहित आठ माओवादियों को मुठभेड़ में मार गिराने वाली राज्य पुलिस की पूरी टीम को केंद्रीय गृह मंत्री दक्षता पदक 2025 से सम्मानित किया जाएगा। पदक पाने वाली टीम में दो आईजी, दो डीआईजी, एक एसपी, एक डिप्टी कमांडेंट, दो दारोगा और छह सिपाही शामिल हैं। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने शुक्रवार को इससे संबंधित सूची और अधिसूचना जारी की है। झारखंड पुलिस के अधिकारियों और जवानों के लिए साल 2025 बेहद कामयाबी भरा रहा है। नक्सलियों के खिलाफ झारखंड पुलिस में अभूतपूर्व सफलता हासिल की है। इस सफलता को जमीन पर उतारने वाले अधिकारियों और कर्मियों को अब इस अदम्य साहस और वीरता के लिए बड़ा सम्मान मिला है। झुमरा और पारसनाथ इलाके में नक्सलियों को इतिहास बनाने वाले तत्कालीन पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) अभियान अमोल होमकर, तत्कालीन आईजी बोकारो माइकल राज, पुलिस उपमहानिरीक्षक (डीआईजी) एसटीएफ, तत्कालीन बोकारो पुलिस अक्षीक्षक (एसपी), डीआईजी, डिप्टी कमांडेंट और जवानों को केंद्रीय गृह मंत्रालय दक्षता पदक से सम्मानित किया जाएगा। यह सम्मान उन्हें बोकारो में एक विशेष अभियान में उनकी उत्कृष्ट वीरता और पेशेवर दक्षता के लिए दिया गया है, जिसमें पांच इनामी नक्सलियों को मार गिराया गया था।उल्लेखनीय है कि झारखंड सहित विभिन्न राज्यों, संघशासित प्रदेशों, केंद्रीय सशस्त्र अर्धसैनिक बलों और केंद्रीय पुलिस संगठनों के कुल 1466 वीरों को सम्मानित किया जाएगा। यह पदक विशेष अभियान, अन्वेषण, आसूचना और फॉरेंसिक विज्ञान जैसे चार प्रमुख क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य को मान्यता देने, उच्च पेशेवर मानकों को प्रोत्साहित करने और कर्मियों और अधिकारियों का मनोबल बढ़ाने के उद्देश्य से प्रदान किया जाता है। इस पदक की घोषणा प्रत्येक साल 31 अक्टूबर को पटेल जयंती के अवसर पर की जाती है।सम्मानित होने वाले झारखंड के आईपीएस अधिकारियों और जवानों में आईजी अमोल वेणुकांत होमकर,



मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन से आज कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में झारखंड लोक सेवा आयोग (JPSC) के सदस्य डॉ० जमाल अहमद ने मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन को उन्होंने राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री स्मृति-शेष दिशोम गुरु स्व० शिबू सोरेन जी के संघर्ष एवं जीवन पर लिखी पुस्तक ₹बाबा-ए-झारखंड₹ सप्रेम भेंट की।

# मिलन समारोह में केंद्रीय सरना समिति ने नंदा उरांव को बनाया जिला उपाध्यक्ष

रांची, संवाददाता ।



करमटोली स्थित केद्रीय धुमकुड़िया भवन में शुक्रवार को केंद्रीय सरना समिति ने मिलन समारोह का आयोजन किया. कार्यक्रम में बोकारो, गुमला, हजारीबाग, लोहरदगा, कांके, पिठौरिया, लालगुटवा, बोडेया, पतरातू और संग्रामपुर समेत अन्य स्थानो से में पहुंचे थे. इस मौके पर केद्रीय सरना समिति का विस्तार किया गया. जिसमें विकास भगत को केंद्रीय सरना समिति का उपाध्यक्ष बनाया गया,मुकेश सोरेन को बोकारो जिला का उपाध्यक्ष बनाया गया, शास्त्री मुर्मू को केंद्रीय उपाध्यक्ष बनाया गया. बिगल मुंडा को संरक्षक,जयमंगल उरांव एवं नंदा उरांव को रांची जिला उपाध्यक्ष बनाया गया.

**आदिवासियों की रूढ़ीवादी परंपरा पर हो रही है चौतरफा हमला-फूलचंद तिर्की**

मिलन समारोह में केंद्रीय सरना समिति के केंद्रीय अध्यक्ष फूलचंद तिर्की ने कहा कि सरना आदिवासियों पर चौतरफा हमला हो रहा है. उनके धर्म संस्कृति,रूढीवादी परंपरा पर हमला किया जा रहा है. कुर्मी समुदाय आदिवासियों के आरक्षण पर कब्जा करना चाह रहे हैं.वहीं धर्मांतरित आदिवासी आरक्षण के साथ हमारे रूढ़िवादी परंपरा को चौपट करने में लगे हैं. केंद्रीय महिला अध्यक्ष निशा भगत ने कहा कि बाबा कार्तिक उरांव के द्वारा बनाया गया, केंद्रीय सरना समिति एवं उनके उद्देश्यों से जुड़कर युवा समाज सेवा करना चाह रहे हैं, आज कुर्मी और इसाई सरना समाज के लोगों की परंपरा संस्कृति को चौपट कर रहे हैं. मौके पर केंद्रीय सरना समिति के संरक्षक भुवनेश्वर लोहार, ललित कच्छप, महासचिव संजय तिर्की, वरीय उपाध्यक्ष प्रमोद एक्का, रांची जिला सरना समिति के अध्यक्ष अमर तिर्की, केंद्रीय प्रवक्ता एंजेल लकड़ा, लोहरदगा जिला सरना समिति के अध्यक्ष चैतू उरांव, बोकारो जिला सरना समिति के अध्यक्ष विनय मुर्मू, पंचम तिर्की, सुखवारो उरांव ज्योत्सना भगत, सपना गाड़ी समेत अन्य शामिल थे.

# लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के मौके पर रांची में एकता दौड़ का आयोजन

रांची, संवाददाता ।

भारत को एकता के सूत्र में बांधने वाले लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में पूरा देश मना रहा है. 31 अक्टूबर को राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर झारखंड पुलिस की ओर से भी रन फॉर यूनिटी में भाग लिया गया.




**लौह पुरुष की 150वीं जयंती**

लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 31 अक्टूबर के दिन 150वीं जयंती है. सरदार पटेल की 150 जयंती को देश राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मना रहा है. इसी कड़ी में रांची जिले के न्यू पुलिस लाइन में रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया. जिसमें ग्रामीण एसपी प्रवीण पुष्कर के नेतृत्व में मेजर समेत पुलिस लाइन के सैकड़ों जवानों ने भाग लिया.

**सरदार वल्लभभाई पटेल ने किया देश को एकजूट**

रन फॉर यूनिटी को लेकर रांची के ग्रामीण एसपी प्रवीण पुष्कर ने बताया कि 31 अक्टूबर का दिन हर भारतीय के लिए गर्व का दिन होता है. भारत को एकता के सूत्र में पिरोने वाले लौह पुरुष की संज्ञा पाने वाले सरदार वल्लभभाई पटेल का जन्म दिवस है. सरदार पटेल ने जिस तरह से पूरे भारत को टूटने से बचाते हुए उसे एक किया, यह एक लौह पुरुष ही कर सकते थे, जिस तरीके से सरदार वल्लभभाई पटेल ने देश को एकजूट किया, उसी का मैसेज देने के लिए रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया है.

**स्टैच्यू ऑफ यूनिटी में भारत पर्व 2025 का आयोजन**

इधर पीएम मोदी शनिवार को गुजरात के एकतानगर में सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय एकता दिवस कार्यक्रम में शामिल होंगे. इसके साथ ही स्टैच्यू ऑफ यूनिटी में 1 से 15 नवंबर तक भारत पर्व 2025 का आयोजन भी किया जाएगा. भारत पर्व के दौरान, भारत की समृद्ध विरासत और विविधता में एकता की भावना को प्रदर्शित करने के लिए विभिन्न सांस्कृतिक और देशभक्ति कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे. इसके साथ ही 15 नवंबर को भगवान बिरसा मुंडा जयंती के उपलक्ष्य में एक विशेष प्रस्तुति की जाएगी.

### जामताड़ा में रन फॉर यूनिटी का आयोजन

सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती को जामताड़ा पुलिस ने राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया. इस मौके पर जामताड़ा पुलिस द्वारा रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया, जिसमें राष्ट्रीय एकता के लिए जिला पुलिस विभाग के सभी पदाधिकारी पुलिस जवान ने भाग लिया और दौड़ लगाई. पुलिस कप्तान राजकुमार मेहता के नेतृत्व में जिला पुलिस प्रशासन के सभी पदाधिकारी, पुलिस जवान और महिला जवान ने भाग लिया और राष्ट्रीय एकता के लिए दौड़ लगाई.

### कोडरमा में राष्ट्रीय एकता की मिशाल पर दिया जोर

कोडरमा के तिलैया थाना में आयोजित रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम में पुलिस जवान, चैम्बर ऑफ कॉमर्स, समाजसेवी, विभिन्न सामाजिक संगठन समेत अन्य लोगों ने भाग लिया. कोडरमा के तिलैया थाना क्षेत्र में यह दौड़ तिलैया थाना से निकलकर कोडरमा रेलवे स्टेशन होते हुए झंडा चौक तक पहुंची. यहां पहुंचने के बाद तिलैया थाना प्रभारी ने मैराथन में भाग लिया और सभी लोगों को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई. थाना प्रभारी ने कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर हम सब को यह संकल्प लेने की आवश्यकता है कि हम एक ऐसे समाज का निर्माण करें, जहां सभी धर्मों, सभी जातियों के लोग आपसी भाईचारा के साथ एकता की मिशाल पेश करें.

# डिबडीह में धार्मिक स्थल की दीवार तोड़े जाने पर भारी हंगामा, तनाव के बाद पुलिस बल तैनात



रांची, संवाददाता ।

डोरंडा थाना क्षेत्र के डिबडीह इलाके में एक धार्मिक स्थल से जुड़ी जमीन पर बनी दीवार को तोड़े जाने के बाद भारी हंगामा खड़ा हो गया. सरना और मिशनरी समुदायों के बीच जमीन के स्वामित्व और धार्मिक स्थल की सीमा को लेकर लंबे समय से चल रहे विवाद ने शुक्रवार को विवाद का रूप ले लिया, जिसके बाद तनावपूर्ण स्थिति उत्पन्न हो गई. स्थानीय सूत्रों के अनुसार, डिबडीह क्षेत्र में एक विशेष धार्मिक स्थल से सटी एक जमीन को लेकर विवाद वर्षों से चला आ रहा है. एक पक्ष का दावा है कि यह जमीन उनके धार्मिक स्थल का हिस्सा है, जबकि दूसरा पक्ष इस पर अपना हक जताता है. इसी विवादित स्थल पर बनी एक चहारदीवारी को मिशनरी पक्ष के कुछ लोगों ने गिरा दिया. इसपर सरना समाज के लोगों का कहना है कि यह डीबडीह नया टोली का पारंपरिक अखड़ा एवं सरना पूजा स्थल है, जहां 2024 में अधूरी बाउंड्री बनाई गई थी और करम पर्व से पहले इस वर्ष गेट भी लगाया गया था. उनका आरोप है कि एक सुनियोजित तरीके से बाउंड्री तोड़ने की घटना को अंजाम दिया गया है. घटना की जानकारी मिलते ही डोरंडा थाना पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया. प्रशासन ने दोनों पक्षों से शांति बनाए रखने की अपील की है.

# महागठबंधन में बढ़ी खटास, बिहार चुनाव में सीएम नहीं करेंगे प्रचार !

रांची, संवाददाता ।




बिहार विधानसभा चुनाव में महागठबंधन के अंदर सीटें नहीं मिलने से नाराज झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष सह राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन चुनाव प्रचार से दूर रहेंगे. जेएमएम के इस रुख से कहीं ना कहीं झारखंड में महागठबंधन के अंदर जारी विवाद की खाई चौड़ी होती जा रही है.

**हमारे नेता लेंगे निर्णयः मनोज पांडे**

पार्टी के केंद्रीय प्रवक्ता मनोज पांडे की मानें तो बिहार में हमें चुनाव लड़ने का मौका ही नहीं दिया गया. ऐसी स्थिति में वहां महागठबंधन को हमारे स्टार प्रचारक मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की जरूरत ही नहीं है और ना ही इस संदर्भ में उन्हें कोई आमंत्रण मिला है. अगर जरूरत होगी, परिस्थितियां बनेगी तो हमारे नेता निर्णय लेंगे. लेकिन जहां तक मुझे जानकारी है पार्टी ने अब तक कोई ऐसा निर्णय नहीं लिया है.अगर हम बिहार में चुनाव ही नहीं लड़ रहे हैं तो चुनाव प्रचार किसका करेंगे. मनोज पांडे ने कहा कि वहां हम गठबंधन में है ही नहीं हैं. हमें मौका ही नहीं दिया गया तो हम चुनाव प्रचार किसका करेंगे. हम लोग तो महागठबंधन का धर्म निभा रहे हैं और झारखंड में सरकार चल रही है, लेकिन बिहार में ऐसा नहीं है. अगर चुनाव प्रचार के लिए बोला जाएगा तो उस पर हमारे नेता निर्णय लेंगे.

**कांग्रेस को सीएम हेमंत से उम्मीद**

इधर, प्रदेश कांग्रेस महासचिव आलोक दुबे ने उम्मीद जताते हुए कहा है कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन बिहार चुनाव में जरूर स्टार प्रचारक के रूप में जाएंगे. उन्होंने दावा करते हुए कहा कि कांग्रेस नेताओं के द्वारा उनसे संपर्क किया गया है. उन्होंने महागठबंधन के अंदर कोई नाराजगी नहीं होने का दावा करते हुए ऑल इज वेल की बात कही है.

**हेमंत सोरेन करें स्वाभिमान की रक्षा-भाजपा**

महागठबंधन के अंदर बढ़ रही खटास पर भारतीय जनता पार्टी नजर बनाए हुए है. पार्टी का मानना है कि बिहार चुनाव के बाद झारखंड में इसका सीधा असर पड़ेगा. ऐसे में भाजपा अभी से ही झारखंड मुक्ति मोर्चा को नसीहत देने में जुट गई है. पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता अजय साह की मानें तो मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को स्वाभिमान की रक्षा करते हुए कांग्रेस और राजद से नाता तोड़ना चाहिए. उन्होंने कहा कि 2024 के विधानसभा चुनाव के बाद झारखंड मुक्ति मोर्चा को ओवर कॉन्फिडेंस हो गया और राष्ट्रीय पार्टी बनने के लिए उन्होंने सबसे पहले बिहार का रुख किया. उनकी बातों की हवा तब निकल गई जब पहले उन्होंने कहा 25 सीटों पर चुनाव लड़ेंगे, फिर 12 सीटों पर, फिर 6 सीटों पर और अब कहीं से वह चुनाव नहीं लड़ रहे हैं. यहां तक कि झारखंड मुक्ति मोर्चा के अध्यक्ष और राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को कांग्रेस और राजद ने बिहार की कोई ऐसी सीटों पर चुनाव प्रचार करने के लिए नहीं बुलाया, जहां आदिवासियों की अधिक संख्या है. कुल मिलाकर झारखंड मुक्ति मोर्चा के पास आत्मसम्मान और स्वाभिमान नहीं बचा है. उन्होंने झारखंड मुक्ति मोर्चा से अपील करते हुए कहा है कि अगर आप में जरा सा भी स्वाभिमान बचा है तो राष्ट्रीय जनता दल से नाता तोड़ें और कांग्रेस से अपना हिसाब कर यह स्पष्ट संदेश दें।

# रांची में हुई ग्राम पंचायत कांग्रेस कमेटी की समीक्षा बैठक



रांची, संवाददाता ।

झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश की अध्यक्षता में आज कांग्रेस भवन, रांची में ग्राम पंचायत कांग्रेस कमेटी की समीक्षा बैठक हुई. बैठक का संचालन सूर्यकांत शुक्ला ने किया. बैठक में 10 सदस्यीय कमेटी के लगभग सभी सदस्य शामिल हुए. इनमें कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की, जलेश्वर महतो, राजीव रंजन प्रसाद, वरिष्ठ नेता संजय लाल पासवान, जयशंकर पाठक, रविंद्र सिंह, शमशेर आलम, ज्योति सिंह माथारू और कोऑर्डिनेटर सूर्यकांत शुक्ला मौजूद थे. प्रदेश अध्यक्ष कमलेश ने संगठन की समीक्षा करते हुए कहा कि ग्राम पंचायत कांग्रेस कमेटी पार्टी की रीढ़ है. उन्होंने जोर दिया कि प्रत्येक पंचायत में सक्रिय और जनसंपर्क आधारित समिति का गठन जल्द पूरा किया जाए. उन्होंने निर्देश दिया कि नवंबर माह के भीतर सभी जिलों में ग्राम पंचायत कांग्रेस कमेटियों का गठन कार्य पूरा हो, ताकि संगठन बूथ स्तर तक मजबूत हो सके.बैठक में सदस्यता विस्तार, पंचायत कमेटियों की संरचना और आगामी कार्यक्रमों पर भी चर्चा हुई. कमलेश ने कहा कि कांग्रेस का लक्ष्य गांव-गांव तक पहुंचकर जनता की समस्याएं समझना और संगठन को सशक्त बनाना है.

# चक्रवाती तूफान मोंथा से धान, आलू और सब्जियों की फसल को नुकसान, प्रभावित किसान फसल बीमा की राशि के लिए करें काम

रांची, संवाददाता ।



28 अक्टूबर की शाम से राज्य के कई जिलों में चक्रवाती तूफान मोंथा के प्रभाव से तेज हवा के साथ हो रही बारिश ने धान, आलू और सब्जियों की फसल को नुकसान पहुंचाया है. राजधानी रांची के ही चान्हो, मांडर, इटकी, बेड़ो, ओरमांझी, कांके, अनगढ़ा, सोनाहातू प्रखंड में खेतों में लगी धान की फसल तेज हवा के चलते गिर गई है. वहीं कई जगह खेतों में पक कर तैयार धान की फसल के गिर जाने से नमी की वजह से उसकी गुणवत्ता खराब होने की संभावना बढ़ गई है. इसी तरह बेमौसम बारिश की वजह से आलू की फसल खराब होने की भी संभावना अधिक हो गई है. अगर मोंथा के प्रभाव से पिछले चार दिनों से तेज हवा के साथ हो रही बारिश का सब्जियों पर असर की बात करें तो बीन्स, गोभी, टमाटर, नेनुआ, खीरा और अन्य सब्जियों के पौधे बर्बाद होने, उसके फूल झड़ जाने से उत्पादन प्रभावित होने की संभावना है.

**किसान ने साझा की परेशानी**

इस संबंध में हेहल के प्रगतिशील किसान सतीलाल कहते हैं कि तेज हवा के साथ बारिश से धान की फसल तैयार होने के करीब आकर गिर गई है. इसका असर उत्पादन पर पड़ेगा. उन्होंने कहा कि बाग-बगीचे और सब्जियों पर भी इस बेमौसम की बारिश का खराब असर पड़ेगा.

**बीमा कराने वाले किसान दें जानकारी**

कृषि पदाधिकारी राम शंकर प्रसाद सिंह ने कहा कि मोंथा की वजह से रांची में भी अन्य जिलों की तरह तेज हवा के साथ बारिश हुई है. हर दिन उनके पास 100 के करीब किसानों के फोन फसल नुकसान को लेकर आते हैं. उन्होंने बताया कि इस संदर्भ में एक बैठक भी प्रशासनिक स्तर पर हुई है. रामा शंकर प्रसाद सिंह ने कहा कि जिन किसानों ने अपनी फसल की फसल बीमा कराया है वह टोल फ्री नंबर 14447 पर कॉल करें और वहां से मिले निदेर्शों का पालन करते हुए 72 घंटे के अंदर नुकसान फसल का फोटो के साथ जानकारी दें. उन्होंने कहा कि एसडीआरएफ की ओर से मिलने वाले मुआवजा को लेकर विभाग के स्तर पर फैसला करना है.

# श्री श्याम मंदिर में प्रबोधिनी एकादशी सह बाबा श्याम का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया

रांची, संवाददाता ।

हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में प्रबोधिनी एकादशी सह बाबा श्याम का जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया जा रहा है। मंडल के अध्यक्ष गोपाल मुरारका ने बताया की श्री खाटूनरेश का अनुपम दिव्य श्रृंगार के माला बनाने के लिए कोलकाता बंगाल के कारीगर रांची श्याम मंदिर आ चुके हैं। मंदिर प्रांगण को सजाने का काम के लिए अलग टीम रात दिन लगी हुई है। कोलकाता दिल्ली बेंगलुरु रायपुर के इंपोर्टेड गुलाब ऑर्किड स्तर क्रिस्टनमम फूलों की माला को बनाने का काम कारीगर कर रहे हैं। मंडल के अध्यक्ष गोपाल मुरारका एवं कोषाध्यक्ष मनोज खेतान वरिष्ठ कार्यकारणी सदस्य श्याम सुंदर शर्मा के सानिध्य में कल बाबा का प्रातः कालीन अनुपम दिव्य श्रृंगार किया जाएगा। रजत सिंहासन पर बैठे बाबा नवीन पोशाक पहनकर भक्तों को दिव्य दर्शन देंगे। कल प्रातः 5:30 बजे मंगल आरती की जाएगी जो की प्रातः कालीन सर्वप्रथम आरती होगी वर्ष में मात्र एक दिन प्रबोधिनी एकादशी के दिन ही साथ समय आरती होती है। भजन संकीर्तन का मुख्य कार्यक्रम रात्रि 9:30 बजे से प्रारंभ होगा कोलकाता के सुमित एवं माही गर्ग भजनों से भक्तों को रिझाएंगे। रबड़ी प्रसाद की सेवा अन्नपूर्णा सरावगी फल प्रसाद श्याम भक्तों द्वारा गिरीगोला मुकेश मित्तल केसरिया पेडा डॉक्टर एसएन लाल द्वारा मगहीपान सुभाष रौनक पोद्दार द्वारा विशेष श्रृंगार की सेवा तारादेवी कटारुका एवं परिवार के द्वारा नवीन पोशाक बागा की सेवा अमन अग्रवाल एवं आयुषी मालपानी द्वारा पंचमेवा भोग उषा चौबे विनय प्रसाद द्वारा एवं छप्पन भोग सेवा श्याम भक्तों द्वारा निवेदित किया जाएगा। रात्रि 9:30 बजे तारादेवी कटरुका राजेश कटारुका प्रकाश कटारूका के परिवार के द्वारा बाबा श्याम की अखंड ज्योति प्रज्वलित की जाएगी । इसके साथ ही भजनों का कार्यक्रम प्रारंभ होगा मंडल के उपाध्यक्ष श्रवण ढांढनिया वरिष्ठ कार्यकारी सदस्य श्याम सुंदर शर्मा अनुज मोदी राजेश चौधरी सलज अग्रवाल सर्वप्रथम भजनो की माला प्रारंभ करेंगे।

# जेएसएससी सीजीएल-2023 परीक्षा : सीबीआई जांच की मांग वाली याचिका पर हाईकोर्ट का अंतरिम आदेश बरकरार

रांची, संवाददाता ।




झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) द्वारा 21 और 22 सितंबर 2023 को आयोजित की सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा (सीजीएल) में कथित गड़बड़ियों को लेकर सीबीआई जांच की मांग वाली याचिका पर हाईकोर्ट में सुनवाई हुई. मुख्य न्यायाधीश तरलोक सिंह चौहान की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मामले की सुनवाई करते हुए, अगले आदेश तक पूर्व में पारित अंतरिम आदेश को बरकरार रखने का निर्देश दिया है. मामले में अगली सुनवाई 3 नवंबर को निर्धारित की गई है.

**क्वेश्चन पेपर लीक होने के साक्ष्य नहीं मिलेः महाधिवक्ता**

राज्य सरकार की ओर से महाधिवक्ता राजीव रंजन ने कोर्ट को बताया कि अब तक की जांच में क्वेश्चन पेपर लीक होने के कोई साक्ष्य नहीं मिले हैं. महाधिवक्ता ने कोर्ट को सूचित किया कि सीआईडी की जांच में अभी तक किसी तरह के पेपर लीक की बात सामने नहीं आई है. परीक्षा में अलग-अलग तीन वर्षों के कुछ प्रश्नों की पुनरावृत्ति हुई है, जिसे पेपर लीक नहीं माना जा सकता है. कुछ गेस क्वेश्चन को पेपर लीक बताया जा रहा है. संतोष मस्ताना नाम के व्यक्ति से पूछताछ में भी क्वेश्चन पेपर लीक होने की कोई पुष्टि नहीं हुई है, यद्यपि गेस क्वेश्चन' की बात सामने नहीं आई.

**हस्तक्षेपकताओं ने रखा पक्ष, याचिकाकर्ता कर रहे उड़क जांच की मांग**

इस मामले में आज हस्तक्षेपकर्ता की ओर से भी कोर्ट में पक्ष रखा गया. जेएसएससी की ओर से अधिवक्ता संजय पिपरावाल और अधिवक्ता प्रिंस कुमार ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई. प्रार्थी प्रकाश कुमार एवं अन्य की ओर से दायर इस जनहित याचिका में मुख्य रूप से निम्नलिखित मांगे की गई हैं, जिनमें सीजीएल परीक्षा रद्द की जाए. पूरे मामले की सीबीआई जांच कराई जाए. याचिका में आरोप लगाया गया है कि परीक्षा में पेपर लीक, पेपर का सील खुला होना और बड़ी संख्या में प्रश्नों को दोहराने (रिपीट करने) जैसी गंभीर गड़बड़ी हुई है. यह उल्लेखनीय है कि जेएसएससी सीजीएल-2023 परीक्षा में कुल 3,04,769 अभ्यर्थी शामिल हुए थे. इस परीक्षा के माध्यम से विभिन्न विभागों में 2025 पदों पर चयनित अभ्यर्थियों की नियुक्ति होनी है.

# सीयूजे में राष्ट्रीय एकता दिवस और 5वां एलुमनी मीट धूमधाम से संपन्न

रांची, संवाददाता ।

झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय (सीयूजे) में भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती और विश्वविद्यालय के 5वें एलुमनी मीट का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया. इस अवसर पर विश्वविद्यालय के पूर्व छात्रों ने नए कैंपस और सीयूजे के विकास को देखकर हर्ष व्यक्त किया और विश्वविद्यालय को अपनी पहचान बताते हुए इसे और ऊँचाइयों तक पहुँचाने का संकल्प लिया. कार्यक्रम की शुरूआत कुलगीत और दीप प्रज्वलन के साथ हुई. दीप प्रज्वलन कार्यकारी कुलपति प्रो रतन कुमार डे, पूर्ववर्ती छात्र संघ के अध्यक्ष प्रो मनोज कुमार (पर्यावरण विज्ञान विभाग), सचिव प्रो मनोज कुमार (जीवन विज्ञान विभाग), कोषाध्यक्ष प्रो आशीष सचान, मुख्य समन्वयक डॉ भास्कर सिंह और समन्वयक डॉ रत्नेश कुमार मिश्रा ने संयुक्त रूप से किया. इस मौके पर पूर्ववर्ती छात्र बुकलेट का लोकार्पण भी किया गया, जिसमें पूर्व छात्रों की उपलब्धियों को दशार्या गया.डॉ भास्कर सिंह ने स्वागत भाषण में कहा कि ऐसे आयोजन विश्वविद्यालय और उसके पूर्व विद्यार्थियों के बीच रिश्तों को और मजबूत बनाते हैं. सचिव प्रो मनोज कुमार ने कहा कि चूंकि यह पांचवां एलुमनी मीट है इसलिए यह संघ अपने विकास के दौर में है और सभी पूर्व छात्रों को इसमें सक्रिय भागीदारी करनी चाहिए.कोषाध्यक्ष प्रो आशीष सचान ने पूर्व छात्रों को सीयूजे का ब्रांड एंबेसडर बताते हुए उनके योगदान की सराहना की. कार्यकारी कुलपति प्रो आरकेडे ने अपने संबोधन में कहा कि एलुमनी मीट केवल पुनर्मिलन नहीं बल्कि विश्वविद्यालय और उसके छात्रों के साझा विकास का अवसर है. उन्होंने कुलपति प्रो केबी दास के दूरदर्शी नेतृत्व की प्रशंसा करते हुए सीयूजे की प्रगति को सफलता की निरंतर यात्रा बताया.

### सांस्कृतिक कार्यक्रम और संवाद सत्र ने बढ़ाई ऊर्जा



परफॉर्मिंग आर्ट्स विभाग के छात्रों ने डॉ शिवा कुमार के निर्देशन में मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया. देशभक्ति गीत, नागपुरी लोकगीत और शास्त्रीय प्रस्तुतियों ने सभी को झूमने पर मजबूर कर दिया. इसके बाद आयोजित संवाद सत्र में पूर्व छात्रों ने अपने अनुभव साझा किए और विश्वविद्यालय के विकास पर प्रसन्नता व्यक्त की. उन्होंने पूर्ववर्ती छात्र संघ को और प्रभावी बनाने के सुझाव भी दिए .कार्यक्रम का समापन डॉ रमेश ओरांव के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ.

### सरदार पटेल जयंती पर एकता का संदेश

राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर विश्वविद्यालय में कई कार्यक्रम आयोजित हुए जिनमें निबंध प्रतियोगिता, रन फॉर यूनिटी, विशेष व्याख्यान और वीडियो लेजर शो शामिल रहे. रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम में छात्रों, संकाय सदस्यों और कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया. सह-संयोजक डॉ नीतेश भाटिया ने बताया कि इससे पूर्व 29 अक्टूबर को राष्ट्रीय एकता दिवसः भारत की ताकत का जश्न मनाने का दिन विषय पर निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई थी, जिसके विजेता रहे:

1. माइकल वथानन आर (एमएससी भूविज्ञान, सेमेस्टर III)
2. फराज खान (एमबीए, सेमेस्टर क) और सुब्रत कुमार साहू (एमएससी भूविज्ञान, सेमेस्टर I)
3. स्वाति कुमारी (एमबीए, सेमेस्टर III)

डॉ आलोक कुमार गुप्ता, डीन - मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान संकाय ने सरदार वल्लभभाई पटेल के विराट जीवन और भारत के एकीकरण में उनके योगदान पर विशेष व्याख्यान दिया. डॉ राजेश कुमार ने उपस्थित सभी को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई.




## पेंशन दरबार-सह-सेवा निवृति विदाई सम्मान समारोह का आयोजन

# जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त, मंजूनाथ भजन्त्री की अध्यक्षता में समारोह का आयोजन

संवाददाता । रांची

सेवानिवृत हुए कुल 10 शिक्षकों को मोमेंटो, शाल ओढ़ा कर सम्मानित किया गया

जिला का यह कार्यक्रम जिसमें सेवानिवृत हो रहे शिक्षकों को उनके सेवानिवृत्ति के ही दिन सेवानिवृत्ति के सारे लाभ दे दिए गए

जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त, रांची, श्री मंजूनाथ भजन्त्री की अध्यक्षता में आज दिनांक- 31 अक्टूबर 2025 को कार्यालय कक्ष में पेंशन दरबार-सह-सेवा निवृति विदाई सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।उपायुक्त द्वारा सेवानिवृत हुए कुल 10 शिक्षकों को मोमेंटो, शाल ओढ़ा कर सम्मानित किया।

जानकारी हो की जिला का यह कार्यक्रम जिसमें सेवानिवृत हो रहे शिक्षकों को उनके सेवानिवृत्ति के ही दिन सेवानिवृत्ति के सारे लाभ दे दिए गए।सेवा निवृत्ति होने वाले शिक्षक जिन्हें उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी



द्वारा सम्मानित किया गया

(1) श्रीमती अलका रानी देमता, स.शि. रा.उत्क्र.म.वि. जामचुआं, नामकुम

(2) श्रीमती अमृता सहाय स.शि. रा.प्रा.वि. हेहल राँची-1

(3) श्रीमती निर्मला एक्का, स.शि. रा.उत्क्र.म.वि. सिसई,

(4) जे.एस.पी.डी. मिंज स.शि. रा.प्रा.वि. बनहारा, कॉके

(5) श्रीमती मुक्ता कुमारी एक्का, स.शि. रा.उत्क्र.म.वि. सुतियाम्बे, काँके

(6) श्री सुरेन्द्र बारला, स.शि. रा.प्रा.वि. मेरही, कॉके (7) श्रीमती सलोमी एक्का, स.शि. रा.उत्क्र.म.वि. सुगनु, लालगंज, काँके

(8) श्रीमती सरोजनी एक्का, स.शि. संत अलोईस मध्य विद्यालय राँची

(9) श्रीगती प्रभा कुजूर, स.शि. संत तेरेसा बा.म.वि. माण्डर

(10) श्रीमती फुलकेरिया, भवरा, स.शि. निर्मला मध्य विद्यालय सामलौंग, राँचीउपायुक्त ने इस आयोजन में सभी सेवानिवृत हो रहे शिक्षकों को ढेर सारी शुभकामनाऐं देते हुए साथ ही उन्होंने कहा की आज सेवानिवृत्ति के ही दिन रिटायरमेंट बेनिफिट का सारा लाभ दिया जा रहा है, यह बहुत बड़ी बात है।साथ उन्होंने सभी सेवानिवृत शिक्षकों से विशेष रूप से कहा की शिक्षकों को अपने आप को व्यस्त रखे।उपायुक्त ने सेवानिवृत्त हुए शिक्षकों शुभकामनाऐं देते भगवान से प्रार्थना करते हुए कहा की ईश्वर आपको लम्बी उम्र और अच्छा स्वास्थ्य दे। आप सभी को जीवन के अगली कड़ी के लिए शुभकामनाऐं आप सभी नए नए कार्यों में उपलब्धि पाए।

## ब्रीफ न्यूज

### 69वीं राष्ट्रीय वूशु स्कूली प्रतियोगिता में झारखंड के प्रिंस को कांस्य



संवाददाता ।

रांची : 31 अक्टूबर। स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखंड सरकार अंतर्गत झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद की अगुवाई में 69वीं राष्ट्रीय स्कूली वूशु चैंपियनशिप में झारखंड के खिलाड़ी प्रिंस नायक ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 65 किलोग्राम भार वर्ग में कांस्य पदक प्राप्त किया है।यह प्रतियोगिता श्रीनगर के वजीर बाग स्थित स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में 28 अक्टूबर से 1 नवम्बर 2025 तक आयोजित की जा रही है, जिसमें देशभर के विभिन्न 40 राज्य एवं इकाई के खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। झारखंड के प्रिंस नायक ने अपने उत्कृष्ट कौशल, दृढ़ निश्चय और खेल भावना के बल पर यह उपलब्धि हासिल की।प्रिंस नायक की इस शानदार सफलता पर राज्य के मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन, शिक्षा सचिव श्री उमाशंकर सिंह, परियोजना निदेशक श्री शशि रंजन, प्रशासी पदाधिकारी श्री सच्चिदानंद द्विवेदी तिग्गा, राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी श्री धीरसेन ए. सोरेंग एवं राज्य खेल कोषांग के सदस्यों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी है। सभी ने प्रिंस नायक के उज्जवल भविष्य और खेल के क्षेत्र में और ऊँचाइयाँ प्राप्त करने की शुभकामनाएँ दी हैं।

### त्रिपुरा विधान सभा के माननीय नेता प्रतिपक्ष श्री जितेन्द्र चौधरी अपने निजी कार्यक्रमों में रांची दौरे पर हैं



संवाददाता ।

त्रिपुरा विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष को विधानसभा अध्यक्ष ने सम्मानित किया त्रिपुरा विधान सभा के माननीय नेता प्रतिपक्ष श्री जितेन्द्र चौधरी अपने निजी कार्यक्रमों में रांची दौरे पर हैं। आज अप० 6 बजे माननीय अध्यक्ष झारखंड विधानसभा श्री रबींद्रनाथ महतो से उनके आवासीय कार्यालय में शिष्टाचार भेंट की। माननीय अध्यक्ष ने उन्हें शॉल ओढ़ाकर कर सम्मानित किया एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किए। अनौपचारिक वार्ता के क्रम में झारखंड की राजनीतिक एवं समसामयिक विषयों पर बातचीत किये एवं झारखंड के वर्तमान सरकार की विभिन्न नीतियों और योजनाओं की सराहना भी की।

### एकता बनाओ देश को मजबूत बनाओ सरदार वल्लभभाई पटेल ने एकता को बहुत मजबूत किया था : गुलाम मुस्तफा



संवाददाता ।

रांची ।भारत के लोह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के शुभ अवसर पर सामाजिक संस्था भारतीय एकता कमेटी रांची ने एकता दिवस मनाया । इस शुभ अवसर पर संस्थापक अध्यक्ष गुलाम मुस्तफा ने कहा की एकता बनाओ देश को मजबूत बनाओ सभी धर्म समुदाय का एकता हमारे देश के लिए समाज के लिए सबसे जरूरी है ! इस अवसर पर सचिव रामेश्वर राम बुलंद अख्तर, एलियस कश्यप ने गुलाम मुस्तफा को माला पहना कर कहा के आप सभी धर्म समुदाय के एकता के प्रतीक है आपने सभी धर्म समुदाय को शुरू से जोड़ने का काम किया है और शुरू से सभी को सम्मान इज्जत दिया है ।इसको कभी भी भुलाया नहीं जा सकता ! गुलाम मुस्तफा ने कहा की इस शुभ अवसर पर हम सभी शपथ ले के हम लोग सभी मिलजुल कर देश में समाज में एकता को मजबूत करेंगे और सभी धर्म समुदाय को एकता के धागे में शामिल करेंगे एकता में बहुत ताकत है एकता महान शक्ति है सभी देशवासी मिलजुल कर एकता को मजबूत करें और सरदार वल्लभभाई पटेल के बताए हुए रास्ते पर चलकर देश का समाज का भला करें भारतीय एकता कमेटी सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 वीं जयंती के शुभ अवसर पर शत-शत नमन करती है इस अवसर पर अब्दुल समद, मोहम्मद यूनुस खान, मोहम्मद अशफाक और मनोज राम आदि उपस्थित थे ।

### बिहार अपराध का हब आए दिन नामचीन लोगों की निर्मम हत्या जारी,बीजेपी एनडीए शासित प्रदेशों में गुंडा राज कायम, चौपट कानून व्यवस्था : कैलाश यादव

संवाददाता ।



रांची ।आज दिनांक 31/10/25 को प्रदेश राजद प्रवक्ता कैलाश यादव ने कहा कि बिहार अपराधियों का हब बन चुका है क्योंकि जब जब बीजेपी जेडीयू एक साथ सरकार में होती है तब तब दबे कुचले दलित पिछड़े अल्पसंख्य लोगों की निर्मम हत्याएं होती है !विदित है बिहार में विधानसभा आम चुनाव चल रहा है इस दौरान देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार निरंतर अपने भाषण के दौरान वर्तमान के बजाय 35 वर्ष पूर्व लालू राबड़ी शासन को याद करते हुए एक सुनियोजित तरीके से जंगल राज की बात करते हैं ! लेकिन वर्ष 1990 लालू प्र यादव के दौर का सामाजिक न्याय और सामन्तियों के विचारो को चकनाचूर करने की बातों की चर्चा नहीं करते हैं !प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी चुनावी मंच से बिहार के लोगों को सबसे बड़ी पार्टी राजद के लिए कट्टा क्रूरता कटुता कुशासन करप्शन की बात कर बिहार को बदनाम करते हैं !

# माननीय राज्यपाल से झारखण्ड चैम्बर की शिष्टाचार मुलाकात



संवाददाता । रांची

फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की नई कार्यकारिणी समिति ने आज झारखंड के माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार से राजभवन में शिष्टाचार भेंट की।इस अवसर पर माननीय राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव, झारखंड श्री नितिन मदन कुलकर्णी भी उपस्थित रहे।मुलाकात के क्रम में बीते त्यौहारों की बधाई देते हुए प्रतिनिधिमंडल ने राज्य के औद्योगिक विकास, रोजगार सृजन और सामाजिकझ्आर्थिक मुद्दों पर सार्थक चर्चा की।प्रतिनिधिमंडल ने राज्य में स्किल डेवलपमेंट और विश्वविद्यालयों के साथ उद्योगझ्शिक्षा सहयोग स्थापित करने का प्रस्ताव रखा ताकि युवाओं को रोजगार और स्वझ्रोजगार के अवसर प्राप्त हों। चचाओं के क्रम में प्रतिनिधिमंडल ने राज्य के संवेदकों को भुगतान में हो रही देरी का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया और कहा कि इससे उद्योग, निर्माण क्षेत्र एवं रोजगार सृजन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। राज्य में डॉक्टरों एवं स्वास्थ्यकर्मियों की कमी पर चिंता व्यक्त करते हुए चैंबर ने आग्रह किया कि इस दिशा में शीघ्र ठोस कदम उठाए जाएँ ताकि आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएँ मिल सकें।माननीय राज्यपाल ने झारखण्ड चैंबर के सभी नवनिर्वाचित कार्यकारिणी समिति के सदस्यों को बधाई देते हुए राज्य के आर्थिक विकास में सहयोगात्मक भूमिका के लिए प्रेरित किया। साथ ही प्रतिनिधिमंडल के सभी सुझावों पर उचित कार्रवाई का भरोसा दिलाते हुए नियमित रूप से संवाद बनाये रखने के लिए एक नियमित अंतराल पर मिलते रहने की बात भी कही। यह भी कहा कि उद्योग जगत राज्य के सतत और समावेशी विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।राजभवन में उपस्थित प्रतिनिधिमंडल में चैम्बर अध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा, उपाध्यक्ष प्रवीण लोहिया, राम बंगड, महासचिव रोहित अग्रवाल, सह सचिव नवजोत अलंग, रोहित पोद्दार, कोषाध्यक्ष अनिल अग्रवाल, कार्यकारिणी सदस्य डॉ. अभिषेक रामाधीन, मनीष सर्राफ, मुकेश कुमार अग्रवाल और विनीता सिंघानिया शामिल थे।

### अनगड़ा प्रखण्ड में झरना पानी रोड का शिलान्यास, विकास की नई दिशा में आगे बढ़ रहा खिजरी




संवाददाता । रांची

अनगड़ा : अनगड़ा प्रखण्ड क्षेत्र के झरना पानी रोड का आज विधिवत शिलान्यास किया गया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों और स्थानीय ग्रामीणों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही।

कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि जनता का यह विश्वास ही हमें निरंतर प्रेरित करता है कि विकास केवल घोषणा नहीं, बल्कि धरातल पर उतरा हुआ परिवर्तन होना चाहिए।उन्होंने आगे कहा कि ह्लखिजरी प्रगति की नई दिशा में कदम दर कदम आगे बढ़ रहा है, और यह विकास यात्रा निरंतर जारी रहेगी।इस शिलान्यास के साथ ग्रामीणों ने भी क्षेत्र में बेहतर सड़क सुविधा की उम्मीद जताई है, जिससे आवागमन और स्थानीय अर्थव्यवस्था दोनों को बल मिलेगा।

## बिरला प्रौद्योगिकी संस्थान में पूर्व कुलपति प्रो. (डॉ.) एच. सी. पांडे को श्रद्धांजलि



संवाददाता । रांची

रांची। बिरला प्रौद्योगिकी संस्थान, मेसरा में शुक्रवार 31 अक्टूबर को पूर्व कुलपति एवं निदेशक प्रो. (डॉ.) एच. सी. पांडे को श्रद्धांजलि देने के लिए भावपूर्ण शोकसभा आयोजित की गई। इस अवसर पर विद्यार्थियों, प्राध्यापकों, कर्मचारियों और पूर्व छात्रों सहित संपूर्ण संस्थान परिवार ने एक दूरदर्शी नेता, प्रख्यात शिक्षाविद् और करुणामय मार्गदर्शक के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वर्तमान कुलपति प्रो. इंद्रनील मन्ना ने कहा कि प्रो. पांडे केवल एक प्रशासक नहीं, बल्कि संस्थान की महान विरासत के निमार्ता थे। उनकी दूरदृष्टि, विनम्रता और संस्थान परिवार के प्रत्येक सदस्य से जुड़ाव उन्हें असाधारण नेता बनाता था। उनकी विरासत आने वाली पीढ़ियों को सदैव प्रेरित करती रहेगी।प्रो. पांडे वर्ष 1964 में बीआईटी से जुड़े और पाँच दशकों से अधिक समय तक संस्थान की सेवा की। वर्ष 1972 में उन्होंने निदेशक पद संभाला और लगभग 46 वर्षों तक संस्थान की दिशा तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके नेतृत्व में वर्ष 1986 में संस्थान को ह्लडीम्ड टू बी यूनिवर्सिटीह्व का दर्जा मिला। उनकी दूरदर्शी सोच और अथक प्रयासों से बीआईटी ने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विशेष पहचान बनाई।संस्थान के रजिस्ट्रार सुदीप दास ने कहा कि वे सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत थे। विद्यार्थियों, शिक्षकों और कर्मचारियों से उनका जुड़ाव अत्यंत प्रभावशाली था। अपनी विनम्रता और संवेदनशीलता से उन्होंने सदैव सबकी बातें सुनीं और सहयोग किया।प्रो. पांडे ने र.कफ.ळ., ऊड. और इक्ळ-रळएढ जैसी पहलें शुरू कीं और भारत सहित विदेशों में संस्थान के केंद्रों की स्थापना में अहम भूमिका निभाई। प्रतिभा को पहचानने और प्रोत्साहन देने की उनकी प्रतिबद्धता ने बीआईटी को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाया। उनके निधन से संस्थान परिवार में जो शून्य उत्पन्न हुआ है, वह लंबे समय तक महसूस किया जाएगा।

## 25वां झारखंड राज्य स्थापना दिवस: कार्यक्रम की तैयारियां जोरों पर


- प्रधान सचिव गृह विभाग श्रीमती वंदना दादेल के नेतृत्व में उच्चाधिकारियों ने किया स्थल निरीक्षण
- सभी पदाधिकारियों की निर्धारित की गई जिम्मेदारियां ,दिए गए अहम निर्देश

संवाददाता । रांची



प्रधान सचिव गृह विभाग श्रीमती वंदना दादेल ने कहा कि राज्य सरकार ने इस वर्ष 15 नवंबर को राज्य स्थापना दिवस को वृहत पैमाने पर मनाने का निर्णय लिया है । यह आयोजन झारखंड की गौरवशाली विरासत, संस्कृति एवं विकास यात्रा का प्रतीक होगा ।इसे भव्य एवं यादगार बनाने को ध्यान में रख कर सभी तैयारियाँ की जा रही हैं। इस वर्ष 2025 को राज्य गठन के 25 वर्ष पूरे हो रहे हैं। इस अवसर पर 11 नवंबर से ही सभी जिलों,प्रखंडों ,पंचायतों , स्कूलों , कॉलेजों में विभिन्न तरह के कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे ।उन्होंने कहा कि 15 नवंबर को स्थापना दिवस के अवसर पर विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का शिलान्यास , उद्घाटन किया जाएगा ।वे आज मोरहाबादी मैदान में 15 नवंबर को राज्य स्थापन दिवस के अवसर पर होने वाले भव्य समारोह की तैयारियों का जाएजा ले रही थीं। कार्यक्रम की सफलता सुनिश्चित करने के लिए हर व्यवस्था को परिपूर्ण एवं समयबद्ध रूप से पूर्ण किया जाएश्रीमती वंदना दादेल ने पदाधिकारियों को निदेश दिया कि समारोह से जुड़ी सभी तैयारियाँ समयबद्ध एवं सुनियोजित तरीके से पूरी की जायें ।कार्यक्रम के विभिन्न आयामों जैसे मंच व्यवस्था, सुरक्षा, यातायात प्रबंधन, स्वच्छता, विद्युत व्यवस्था, अतिथि सत्कार, सांस्कृतिक कार्यक्रम, प्रदर्शनी, पार्किंग एवं आपातकालीन प्रबंधन आदि के लिए प्रत्येक पदाधिकारी अपने उत्तरदायित्व का निर्वहन पूर्ण निष्ठा एवं दक्षता से करेंगे तथा किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि मुख्य कार्यक्रम के लिए मंच निर्माण, बैठने की व्यवस्था, सुरक्षा घेराबंदी, प्रवेश-निकास द्वार, स्वागत कक्ष, मीडिया सेंटर, चिकित्सा व्यवस्था एवं अन्य सुविधाओं को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए हैं।

### मारवाड़ी युवा मंच राँची समर्पण शाखा द्वारा गोपाष्टमि पर गो माता की पुजा एवं महा आरती



संवाददाता । रांची

गोपाष्ठमी पर राँची समर्पण शाखा ने की गौमाता की महाआरती एवं पूजन आस्था, सेवा और संस्कृति का दिव्य संगम बना गौशाला परिसर' शाखा द्वारा गौमाता की महाआरती,पूजन किया गया ' शाखा के ओर से सस्कृति कार्यक्रम का आयोजन गौशाला निवास के संयुक्त तत्वावधान से किया गया ' इसमें बच्चों के बीच डांस, पेंटिंग,ांल्लू८ ड्रेस प्रतियोगिता करवाई गई ' काफी बच्चों ने इसमें भाग लिया ' जिसकी तैयारी आशा सराफ जी और दीपिका मोतीका जी ने अच्छे से की 'सभी प्रतियोगी को गिफ्ट दिए गए ।कार्यक्रम में अध्यक्ष पूजा अग्रवाल जी,

## झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा का 7वां स्थापना दिवस मनाया गया छह प्रबुद्धजनों वैश्य रत्न की उपाधि से सम्मानित किया गया


संवाददाता । रांची

आज 31 अक्टूबर को रांची के रेडियम रोड़ स्थित डॉ. वी.पी. केशरी सभागार (होटल आलोका) में झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा का 7वां स्थापना दिवस समारोह आयोजित किया गया. समारोह की शुरूआत कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे वैश्य मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर एवं कार्यकारी अध्यक्ष रेखा मंडल व हीरानाथ साहु द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया. इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. विजय राज, अति विशिष्ट अतिथि डॉ. अशोक कुमार एवं समाजसेवी राजेश गुप्ता



द्वारा पाँच प्रबुद्धजनों को वैश्य रत्न एवं पाँच कार्यकताओं को उत्कृष्ट वैश्य की उपाधि से सम्मानित किया गया. इसके पूर्व वैश्य मोर्चा के पदाधिकारियों ने अतिथियों को भी शाल ओढ़ाकर, बुके एवं स्मृति चिन्ह दे कर अपने सम्मानित किया. सर्वप्रथम उप प्रधान महासचिव उपेन्द्र प्रसाद द्वारा प्रस्तावना पत्र का पाठ किया गया. तत्पश्चात सभी वक्ताओं ने वैश्य मोर्चा के गतिविधियों, आंदोलन और मुद्दों पर चर्चा करते हुए संघर्ष को और तेज करने एवं संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प लिया. इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि डॉ. विजय राज ने कहा कि वे वैश्य मोर्चा शुरूआत दिनों से जुड़े हुए हैं. वैश्य मोर्चा ने समाज को जगाने और संगठित करने का काम किया है. यह एक बड़ी उपलब्धि है. डॉ. राज ने कहा कि संगठन के बिना समाज अधूरा और असुरक्षित है. संगठन से ताकत और सहारा मिलता है. इसलिए वैश्य मोर्चा और मजबूत करने की जरूरत है.

# टाटा स्टील के बी2एमएसएमई ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म 'डिजिका' ने 1000 करोड़ रुपए के ग्रॉस मर्चेंडाइज वैल्यू को किया पार




**जमशेदपुर, संवाददाता**

टाटा स्टील ने शुक्रवार अपने बी2एमएसएमई ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म डिजिका के लिए एक महत्वपूर्ण पड़ाव हासिल करने की घोषणा की। वर्तमान वित्तीय वर्ष (एफवाई26) में इस प्लेटफार्म ने 1000 करोड़ रुपए से अधिक का ग्रॉस मर्चेंडाइज वैल्यू पार कर लिया है। साथ ही प्लेटफॉर्म ने 160 हजार टन से अधिक की बिक्री दर्ज की है और 3500 से अधिक सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम ग्राहकों को जोड़ा है। यह टाटा स्टील के अंतर्गत इमर्जिंग कॉर्पोरेट अकाउंट्स के रूप में पहचाने जाने वाले भारत के एमएसएमई के डिजिटल परिवर्तन यात्रा में इसके बढ़ते योगदान को रेखांकित करता है। स्टील की खरीद को सरल, पारदर्शी और कुशल बनाने के लिए डिजाइन किया गया डिजिका, ईसीए को एक एकीकृत, ओम्नी-चैनल अनुभव प्रदान करता है। जिसमें सहज वित्तपोषण विकल्प, वास्तविक समय में ऑर्डर की विजिबिलिटी, और समर्पित तकनीकी समर्थन शामिल हैं। यह प्लेटफार्म मुख्य रूप से फ्लैट स्टील प्रोडक्ट्स जैसे टाटा एस्ट्रम, टाटा स्टीलियम, और गैलवानो पर केंद्रित है। जो गुणवत्ता आश्वासन और डिजिटल सुविधा को एक ही इकोसिस्टम के अंतर्गत लाता है। इस संबंध में प्रभात कुमार वीपी मार्केटिंग और सेल्स (फ्लैट प्रोडक्ट) टाटा स्टील ने कहा कि 1000 करोड़ रुपए जीएमवी और 160 हजार टन बिक्री का आंकड़ा हमारे ईसीए ग्राहकों द्वारा डिजिका पर जताए गए विश्वास की एक मजबूत पुष्टि है। यह प्लेटफॉर्म केवल लेन-देन तक सीमित नहीं है। बल्कि यह ग्राहकों के साथ स्थायी संबंध बनाने, एमएसएमई वैल्यू चेन के सहज एकीकरण के जरिए अनुभव को बेहतर बनाने और उनकी बदलती व्यावसायिक आवश्यकताओं के अनुरूप हमारी सेवाओं को अनुकूलित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है। वित्तीय वर्ष 2024-25 की चौथी तिमाही में पायलट लॉन्च के बाद से डिजिका ने 30 गुना की वृद्धि दर्ज की है। जो टाटा स्टील की नवाचार, ग्राहक-केंद्रित दृष्टिकोण और डिजिटल सशक्तिकरण पर निरंतर ध्यान का परिणाम है। इस प्लेटफॉर्म की बढ़ोतरी टाटा स्टील की व्यापक विजन को भी दशार्ती है। जो स्टील वैल्यू चेन के डिजिटलीकरण और भारत के औद्योगिक इकोसिस्टम में समावेशी विकास को बढ़ावा देने की दिशा में केंद्रित है। डिजिका के माध्यम से टाटा स्टील डिजिटल परिवर्तन में आगे बढ़ती रही है। ईसीए को सही टूल्स, सेवाएं और समर्थन प्रदान कर उनके व्यावसायिक लक्ष्यों की प्राप्ति और भारत के औद्योगिक विकास में योगदान सुनिश्चित कर रही है।

# इस बार पहले से ज्यादा मजबूत बहुमत के साथ बिहार में एनडीए की बनेगी सरकार : सरयू राय

**जमशेदपुर, संवाददाता**



पश्चिमी विधायक सह जनता दल यूनाइटेड के स्टार प्रचारक सरयू राय ने कहा कि इस बार बिहार में एनडीए गठबंधन को पहले से ज्यादा मजबूत बहुमत मिलेगा। यहां आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि उन्होंने दो दिनों तक अनेक विधानसभा क्षेत्रों का दौरा किया। जिसके तहत उन्होंने महसूस किया कि लोग नीतीश कुमार सरकार के कायल हैं। उन्होंने कहा कि बतौर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की जो छवि जनता के बीच बनी है, वह अद्भुत है। उन्होंने कहा कि जो नीतीश कुमार के समर्थक नहीं हैं, वो भी यह कहते पाये गए कि उनके पास नीतीश कुमार के खिलाफ बोलने के लिए कुछ है ही नहीं। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार की छवि लार्जर देन लाइफ है। जनता के बीच में उनकी छवि स्टेट्समैन की बनी हुई है। सरयू राय ने कहा कि इस्लामपुर में एनडीए उम्मीदवार (रुहेल रंजन) की जीत प्रायः तय है। कई लोग यूं ही चुनाव में उतर गये हैं। जनता के बीच में ऐसे उम्मीदवारों को लेकर नकारात्मक चर्चा है। मतदान का दिन जैसे-जैसे नजदीक आते जाएगा, लोग ऐसे वोटकटवा उम्मीदवारों को बाहर कर देंगे। उन्होंने कहा कि समृद्ध बिहार की अवधारणा को धरातल पर उतारना है। लोगों की क्रय शक्ति को बढ़ाना है। लोग महसूस कर रहे हैं कि नीतीश सरकार आगे भी रहेगा तो यह क्रय शक्ति बढ़ाने वाला काम बेहद आसान हो जाएगा। केंद्रीय स्लोगन है बिहार पकड़ चुका है रफ्तार आने वाले दिनों में और मजबूती से चरितार्थ होगा। आज जो संकल्प पत्र जारी हुआ है, उसका भी लब्बोलुआब यही है कि जो भी सहायता सरकार करने जा रही है, उसका लाभ आम आदमी अपनी क्रय शक्ति बढ़ाने में करे। सरकार ने वैज्ञानिक तरीके से आगे बढ़ने का वादा किया है। इसका असर हो रहा है। आगे उन्होंने कहा कि नीतीश जी के नेतृत्व में ही चुनाव हो रहा है और अब तो यह पक्का हो गया कि अगले मुख्यमंत्री भी वही होंगे। इसीलिए कहा गया है कि पहले से ज्यादा मजबूत बहुमत इस बार एनडीए सरकार को मिलेगा और बेहद मजबूत सरकार भी बनेगी। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि प्रथम चरण के चुनाव में जहां-जहां वो गये, वहां एनडीए को 75 प्लस सीटें मिलेगीं। मगर जहां वो नहीं गये, वहां भी अगर ऐसी ही बात है तो सीटों की संख्या बढ़ भी सकती है।

# सीसीएल केयूजीपी में सम्मान समारोह का आयोजन

**बोकारो, संवाददाता**



सीसीएल केदला भूगर्भ परियोजना में दो कामगारों को सेवानिवृत्त होने के उपरांत शुक्रवार को विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सेवानिवृत्त हुए कामगार कामगार सूरज रजवार व कामदेव नोनिया को आरसीएमयू शाखा केयूजीपी के द्वारा सम्मानित किया गया। मौके पर आरसीएमयू हजारीबाग क्षेत्र के क्षेत्रीय कोषाध्यक्ष कृष्ण मुरारी सिंह के द्वारा माला पहनकर स्वागत किया गया। वही शाखा के पदाधिकारी प्रभात कुमार, मदन प्रताप सिंह, वीरेंद्र कुमार महतो, रवि रजवार, हैदर हुसैन, मनोज कुमार, मंगल कुमार चौधरी, सुनील डूगडग ने अंग वस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया। सम्मान समारोह का संचालन प्रभात कुमार व अध्यक्षता मदन प्रताप सिंह ने किया। मौके पर शाखा के पदाधिकारियों ने सेवानिवृत्ति साथी का बेहतर भविष्य और अच्छे जीवन के लिए शुभकामनाएं दी। मौके पर प्रेमनाथ जायसवाल, रंजीत कुमार, सत्येंद्र नोनिया, उमाशंकर पासवान, कुदुस अंसारी, भुवनेश्वर महतो, राम कुमार, ललिंदर, रामचंद्र, बंधन उरांव, शत्रु महतो, संजय किशोर, शिवम कुमार, गौतम कुमार, मानव देवी, मंजू देवी उल्हास महतो, शिव नारायण, सुपौल प्रसाद, चरकू उरांव सहित सैकड़ो कामगार उपस्थित थे।

# सरस्वती विद्या मंदिर सिंदरी तथा पुलिस जवानों के संयुक्त तत्वाधान में रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम का आयोजन

**सिंदरी, संवाददाता**



भारत रत्न लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल के 150 वीं जयंती के संदर्भ में सरस्वती विद्या मंदिर सिंदरी तथा धनबाद पुलिस जवानों के संयुक्त तत्वाधान में रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि आशुतोष कुमार सत्यम (पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी सिंदरी )संजय कुमार( पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी सिंदरी) सुनील कुमार पाठक (प्राचार्य) सतीश चंद्र (खेल शिक्षक) मुकेश हेम्ब्रम, वृन्दावन नारदार, प्रमुदान कुजूर, विनोद टोप्पो शैलेना कुमार, संजीव कुमार तिवारी, सरताज खान, कुमार शम्भु सरण, अजित तिवारी, राम प्रवेश सिंह, प्रकाश कुन दास, संतोष कुमार, कपिलदेव महली, राम चन्द्र मराण्डी, सत्येंद्र तिवारी, कन्हाई कुम्हार, पवन, सुजीत हाजरा, संतोष पाठक, बचणेश्वर ठाकुर, कुमार अंकित, प्रशांत पाठक, सरोज तिवारी, आभा सिंह, श्रुति, के साथ विद्यालय के भैया बहन उपस्थित थे। दीप प्रज्वलन एवं दीप मंत्र के साथ कार्यक्रम प्रारंभ हुआ।

सरस्वती विद्या मंदिर सिंदरी के भैया बहनों के साथ धनबाद पुलिस के सदस्य वीर कुंवर सिंह चौक से दौर प्रारंभ कर अंबेडकर चौक तक राष्ट्रीय एकता का संदेश देते हुए दौड़ें। आशुतोष कुमार सत्यम ने कहा कि लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पूरे देश में मनाई जा रही है। रन फॉर यूनिटी का संदेश है कि राष्ट्र की एकता और अखंडता की नींव जो सरदार पटेल के द्वारा रखी गई थी वह आज भी अखंड है और भविष्य में भी अखंड रहेगी। संजय कुमार ने कहा कि लौह पुरुष सरदार पटेल का भारत की स्वतंत्रता अखंडता में महत्वपूर्ण योगदान है। उनके जन्मदिवस 31 अक्टूबर को हम राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाते हैं। सुनील कुमार पाठक ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती एक वार्षिक स्मरणोत्सव है,रन फॉर यूनिटी उनके एकता और अखंडता के संदेश को फैलाने के लिए आयोजित है। अतिथि परिचय तथा धन्यवाद ज्ञापन सुनील कुमार पाठक प्राचार्य के द्वारा दिया गया। इस अवसर पर पूरा विद्यालय परिवार उपस्थित था।

# देश को सशक्त दिशा इंदिरा जी ने दिया : सीता राणा



**धनबाद, संवाददाता**

भूली झारखंड मोड में धनबाद जिला महिला कांग्रेस कमिटी की जिलाध्यक्ष सीता राणा के आवासीय कार्यालय में पूर्व प्रधानमंत्री स्व इंदिरा गांधी की 41 वीं पुण्यतिथि और सरदार बल्लभभाई पटेल जी का 150 वीं जयंती मनाया गया। धनबाद जिला महिला कांग्रेस कमिटी की सदस्यों ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। मौके पर सीता राणा ने कहा कि इंदिरा गांधी का 41 वां पुण्यतिथि पर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए सभी से अपील करती हूं कि इंदिरा गांधी ने देश को सशक्त दिशा दी । बांग्लादेश को पाकिस्तान से अलग देश बनवाया और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत को मजबूती प्रदान की। आज उनके विचारों को आत्मसात करने और उनके बताए पथ पर चलने की शपथ लें। साथ ही सरदार बल्लभभाई पटेल का 150 वीं जयंती पर शत शत नमन करते हुए पटेल जी के स्वतंत्र भारत में योगदान को याद करते हैं जिसमें पटेल जी ने राष्ट्र को एक संविधान के अंदर लाने में योगदान दिया। मौके पर बिंदु देवी, निखत परवीन, बेला देवी, कलावती देवी, दुर्गा देवी, हीरा देवी, सविता देवी, मीना देवी, लीला देवी , शाहीना बानो आदि मौजूद थीं।

**खोरठा विभाग में लौह पुरुष सरदार पटेल की 150वीं जयंती मनायी गई**

# सरदार वल्लभ भाई पटेल देश की एकता और अखंडता एक सूत्र मे बांधने का काम किये : प्रो. अनाम

**रामगढ़, संवाददाता**



राधा गोविन्द विश्वविद्यालय के खोरठा विभाग में भारत के लौह पुरुष और देश के प्रथम उप-प्रधानमंत्री एवं गृहमंत्री देश के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती उत्साहपूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत पटेल की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलित कर की गई। उपस्थित शिक्षकों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता के प्रति संकल्प दोहराया। कार्यक्रम की अध्यक्षता खोरठा विभाग के विभागाध्यक्ष ओहदार अनाम अजनबी ने की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि सरदार पटेल ने अपने अदम्य साहस, दूरदृष्टि और मजबूत नेतृत्व क्षमता के बल पर आजाद भारत देश के 562 अलग अलग रियासतों का सफलतापूर्वक विलय कर आधुनिक एकीकृत भारत की नींव रखी। उन्होंने युवाओं से पटेल के आदर्शों, सादगी और राष्ट्रभक्ति को आत्मसात करने की अपील की। कार्यक्रम में हिन्दी, अंग्रेजी, भूगोल, मनोविज्ञान, समाजशास्त्र, अर्थशास्त्र एवं विधि विभाग के छात्र-छात्राओं तथा प्राध्यापकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। वक्ताओं ने सरदार पटेल के जीवन और संघर्षों पर प्रकाश डालते हुए उनके योगदान को याद किया। इस दौरान छात्रों ने देशभक्ति गीत और विचार प्रस्तुत कर वातावरण को देशभक्ति से ओत-प्रोत कर दिया। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति, कुलपति, सचिव, कुलसचिव एवं परीक्षा नियंत्रक ने भी अपनी शुभकामनाएं व संदेश भेजे। उन्होंने सरदार पटेल के आदर्शों को वर्तमान पीढ़ी के लिए प्रेरणास्त्रोत बताते हुए राष्ट्रीय एकता दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला।

# टोकन वसूली पर ग्रामीणों का विरोध — प्रतिनिधिमंडल ने बीडीओ से की शिकायत

**धनबाद, संवाददाता**



भिखराजपुर गांव में बुधवार को घर-घर जाकर मकान का टोकन नंबर देने पहुंचे दो युवकों को ग्रामीणों ने पकड़कर बलियापुर पुलिस के हवाले कर दिया था। इस घटना के दूसरे दिन, गुरुवार को एक प्रतिनिधिमंडल बलियापुर प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) प्रभाष चंद्र दास से उनके कार्यालय कक्ष में मिला। प्रतिनिधिमंडल ने बीडीओ से शिकायत करते हुए कहा कि गांव में मकान का टोकन नंबर देने के नाम पर प्रति घर 50 रुपये की वसूली की जा रही है। इस पर बीडीओ से जवाब तलब करते हुए प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि यह तरीका गलत है और इस पर तत्काल रोक लगाई जानी चाहिए। इस संबंध में बीडीओ श्री दास ने बताया कि उन्हें हजारीबाग के आयुक्त कार्यालय से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर मकानों का टोकन नंबर लगाने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा कि मामले की विस्तृत जानकारी जिले के वरिष्ठ पदाधिकारियों से प्राप्त करने के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी। प्रतिनिधिमंडल में उप प्रमुख आशा देवी, पंसस दिवाकर महतो, अधिवक्ता मो. नूरुद्दीन, गुड्डू खान, देवाशीष पांडेय, दिलीप महतो एवं सदर मुश्ताक आलम शामिल थे

# सरदार वल्लभ भाई पटेल के जयंती पर पतरातू पुलिस व सीआईएसएफ का रन फॉर यूनिटी

**रामगढ़, संवाददाता**



भारत रत्न लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल के 150वां जयंती अवसर पर शुक्रवार को पतरातू पुलिस निरीक्षक सत्येन्द्र कुमार सिंह के नेतृत्व में रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पतरातू पुलिस द्वारा आयोजित रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम पतरातू खैरा मांझी चौक से पीटीपीएस पतरातू जनता नगर स्थित भारत रत्न लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल स्मारक स्थल तक आयोजित किया गया। जिसमें पतरातू सर्किल इंस्पेक्टर ऑफिस के सभी पुलिस कर्मी एवं पतरातू थाना पुलिस कर्मी सहित क्षेत्र के युवक ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। साथ इसी क्रम में सीआरपीएफ पीवीयूएनएल यूनिट के कमांडेंट वी एस प्रतिहार के नेतृत्व में दर्जनों सीआईएसएफ पदाधिकारी व जवान ने सीआईएसएफ कैंप परिसर से जनता नगर स्थित पटेल चौक तक रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम के तहत दौड़ लगाई। इस दौरान सीआईएसएफ सहायक कमांडेंट सुशील कुमार शादी व अन्य जवान सहित रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम में पुलिस निरीक्षक सत्येन्द्र कुमार सिंह, पतरातू थाना प्रभारी शिवलाल कुमार गुप्ता, एस आई अफजल हुसैन, एस आई शिवा कच्छप, एस आई विक्रम तिग्गा, एएआई जसीमुद्दीन अंसारी व पतरातू थाना सशस्त्र बल के जवान दौड़ में शामिल हुए। इस रन फॉर यूनिटी दौड़ प्रतियोगिता में प्रथम कृष्ण कुमार, द्वितीय रोशन कुमार व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले शिबू मुंडा को पतरातू सर्किल इंस्पेक्टर सत्येन्द्र कुमार सिंह एवं पतरातू थाना प्रभारी शिवलाल कुमार गुप्ता पुरस्कृत कर सम्मानित किया।

# 150 वीं जंयती पर सरदार वल्लभभाई पटेल को किया गया याद, जीएम सहित तस्वीर पर सबों ने किया माल्यार्पण

**बोकारो, संवाददाता**



सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 वीं जयंती के अवसर पर शुक्रवार को बीएंडके जीएम कार्यालय में एक समारोह आयोजित कर याद की गई। कार्यक्रम की शुरूआत लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की तस्वीर पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित कर नमन से हुई। इसके बाद सीसीएल कर्मियों ने एकता और अखंडता की शपथ ली। जीएम चितरंजन कुमार ने कहा कि हम भले ही अलग-अलग प्रांतों से आते हैं, हमारी भाषा अलग-अलग है और हम विचार अलग रखते हैं, लेकिन जब राष्ट्र की बात होती है, तो हम सब अखंड हैं - एक हैं। सरदार वल्लभभाई पटेल ने जिस दूर दृष्टि से देश को एक सूत्र में पिरोया, वह हम सबके लिए प्रेरणा का स्त्रोत है। हमें उनके आदर्शों को अपनाना चाहिए और एकता व अखंडता को बनाए रखना चाहिए। इसके बाद जीएम चितरंजन कुमार ने ई पलेज सेंटर और सेल्फ प्वाइंट का फीता काटकर किया उद्घाटन. इस अवसर पर एएफएम ज्ञानेंदु चौबे,एरिया सेल ऑफिसर भी एन पांडेय, एसओ ईएंडएम जयशंकर प्रसाद, एसओ पीएंडए विनय रंजन टुडू, एसओ एमएम अरहान अंसारी, एसओ सिविल सतीश कुमार सिन्हा, स्टाफ ऑफिसर एकसाभेशन मनोज कुमार,सेफ्टी ऑफिसर भविष्य भारती, कार्मिक प्रबंधक पी एन सिंह लव कुमार आदि मौजूद थे।

**बीएंडके में त्रिपक्षीय खान सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न**

# प्रबंधन शून्य दुर्घटना के लक्ष्य को लेकर सुरक्षित उत्पादन करें : डीजुएमएस

**बोकारो, संवाददाता**



सीसीएल बीएंडके क्षेत्र के करगली स्थित आफिसर्स क्लब में त्रिपक्षीय खान सुरक्षा समिति की बैठक किया गया। अध्यक्षता कोडरमा रिजन के डीजीएमएस (माइनिंग) एन पी देवरी और संचालन एरिया सेफ्टी ऑफिसर भविष्य भारती ने किया। बैठक में डीडीएमएस तेजावत नरेश, सेन्ट्रल जोन से आए डीजीएमएस इलेक्ट्रिकल पलानीमलाल, डीडीएमएस मेकेनिकल राजेश चोघरी, डीडीएमएस आर एस पाटिल, सीसीएल मुख्यालय रांची से आए आईएसओ जीएम पी के भल्ला व आर के चौधरी, क्षेत्रीय महाप्रबंधक चितरंजन कुमार और एरिया सेफ्टी सदस्यो ने दीप प्रज्जवलन कर बैठक की शुरूआत की। कोल इंडिया कार्पोरेट गीत के पश्चात क्षेत्रीय सुरक्षा अधिकारी भविष्य भारती ने स्वागत भाषण दिया, साथ ही उन्होंने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। पूर्व बैठक में लिए गए निर्णयों के क्रियान्वयन और परिपालन की समीक्षा की गई। एरिया सेफ्टी बोर्ड के सदस्यों ने खनन क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था की स्थिति पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि डाईवर, फोरमैन, माइनिंग सरदार और ओवरमैन की कमी है। इसके बावजूद यहां दुर्घटना की दर काफी कम है, यह यहां की सतर्कता का ही परिणाम है। इसे बरकरार रखने की जरुरत है. खान में सुरक्षा के लिए कामगारों को लगातार जानकारी दी जाए। अस्पताल मे एंबूलेंस, दवा, खदानों में सुरक्षा, घर में सुरक्षा, रास्ते में सुरक्षा सहित हाईवाल की समस्या का निदान करने, प्रत्येक परियोजना में हॉल रोड बनाने, खदानो, सड़क और कॉलोनियो मे पर्याप्त लाइटिंग व्यवस्था करने, पेयजल और प्रदूषण से निजात की दुरुस्त व्यवस्था करने सहित कार्य के दौरान मोबाइल के जगह वॉकी टॉकी का उपयोग आदि मांगें विस्तार पूर्वक रखीं। डीजीएमएस एन पी देवरी ने खान सुरक्षा निदेशालय द्वारा निर्धारित खान सुरक्षा नियमों के क्रियान्वयन और परिपालन स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि प्रबंधन शून्य दुर्घटना के लक्ष्य को लेकर सुरक्षित उत्पादन करें। उन्होंने कहा कि सुरक्षा को नजरअंदाज कर कोयला उत्पादन कामगार की मौत का कारण बन सकता है। प्रबंधन सुरक्षा नियमों का पालन करते हुए ही कोल उत्पादन करें ताकि कोई भी कामगार मौत का शिकार न हो। कहा कि प्रबंधन सीसीएल कर्मी सहित आसपास रहने वालो को मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराए. क्षेत्रीय महाप्रबंधक चितरंजन कुमार ने डायरेक्टर माईन्स सेफ्टी को आश्वस्त किया कि क्षेत्र में सुरक्षा नियमों का पालन करते हुए ही कोयला उत्पादन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बैठक में सुरक्षा को लेकर जो सुझाव सामने आए हैं, उन पर अमल करते हुए शून्य दुर्घटना के लक्ष्य के साथ सुरक्षित उत्पादन करते हुए लक्ष्य प्राप्ति का हरसंभव प्रयास किया जाएगा। कहा कि फंड की कमी नही है. ईएंडएम विभाग दो साल तक लगे स्ट्रीट लाइट का देखरेख करे. सिविल विभाग के द्वारा जो कार्य हो रहे उसमे क्वालिटी और क्वांटी पर घ्यान दी जाए । घन्यवाद ज्ञापन भू-राजस्व पदाधिकारी शंकर झा ने किया । इस अवसर पर एएफएम ज्ञानेंदु चौबे, कारो पीओ सुधीर कुमार सिंहा, एरिया सेल ऑफिसर भी एन पांडेय, एसओ ईएंडएम जयशंकर प्रसाद, एसओ पी विनय रंजन टुडू, एसओ एमएम अरहान अंसारी, एसओ सिविल सतीश कुमार सिन्हा, स्टाफ ऑफिसर एकसाभेशन मनोज कुमार, एककेओसीपी प्रभारी पीओ सुमेधानदन, बोकारो कोलियरी प्रभारी बी सी शुक्ला, डॉ अनुग्रह अंकित, सेफ्टी ऑफिसर संजय कुमार सिह,कार्मिक प्रबंधक पी एन सिंह सहित एरिया सेफ्टी सदस्य डीपी मौर्या, उत्कर्ष बक्सी, आभाष चंद गांगुली, ओमप्रकाश सिंह, सुशील सिंह, मनोज पासवान, विनय कुमार पाठक, सुरेश प्रसाद शर्मा, पंकज महतो, आउटसोर्सिंग कंपनी बीकेबी से सुरेश रजक, डीसीसीपीएल पूजेश कुमार सिंह ,एसयूपीएल से नामित जैन आदि मुख्य रूप से मौजूद थे।

